हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

बिलासपुर, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025



2 महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपने ...



## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय में प्रवेश के लिए लैटरल परीक्षा के लिए आवेदन 7 तक

**जांजगीर-चांपा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीट के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर तक विस्तारित की गई है। प्राचार्य पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी जो कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सी.बी.एस.ई. अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## सेवा सहकारी समिति में प्रबंधक रहते किसान परिवार को 42 लाख का चूना लगाने का आरोप

# जैजैपुर विधायक और उसके साथी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

4हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बातें**

- वर्ष 2015 से 20 के बीच का मामला
- बम्हनीडीह सेवा सहकारी समिति में प्रबंधक रहते किया कारनामा
- चांपा थाने में तत्कालीन समिति प्रबंधक और विक्रेता के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध

जिले की राजनीति और सहकारी तंत्र को हिलाकर रख देने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है। जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक और उनके सहयोगी पर थाना चांपा में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। मामला उस समय का है जब बालेश्वर साहू सेवा सहकारी समिति बम्हनीडीह में प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरसवानी निवासी राजकुमार शर्मा ने पुलिस मे शिकायत दी थी, कि वर्ष 2015 से 2020 के बीच बम्हनीडीह सेवा सहकारी समिति के तत्कालीन प्रबंधक ने उसकी 50 एकड़ जमीन के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड लोन लेने की सलाह दी। बताया जाता है कि इसके बाद किसान क्रेडिट कार्ड से रुपए निकलवाने एचडीएफसी बैंक चांपा में खाता खुलवाया। इसी दौरान तत्कालीन शाखा प्रबंधक आरोपी बालेश्वर साहू और उसके साथी गौतम राठौर ने प्रार्थी से ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद प्रार्थी और उसके परिवार को कुछ जानकारी मिलती कि इसके पहले ही उसके बैंक खाते से 24 लाख रुपए की राशि अपने तथा अपने परिजनों के खातों में ट्रांसफर कर दी। यही नहीं, आरोपियों ने राजकुमार शर्मा, उसकी मां जयतिन शर्मा और पत्नी नीता शर्मा के फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान लगाकर कुल 42 लाख 78 हजार रुपए की निकासी कर ली। इस बात की जानकारी मिलने पर प्रार्थी और उसके परिवार के सदस्य सकते में आ गए। उन्होंने पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने बताया की राशि की शिकायत पर प्रारंभिक जांच की गई और पुलिस जांच में तथ्य सही पाए जाने के बाद समिति प्रबंधक रह चुके बालेश्वर साहू और उनके साथी विक्रेता गौतम राठौर के खिलाफ धारा 420, 468, 467, 471, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



बालेश्वर साहू।

**दर्ज किया गया है मामला**

किसान परिवार से फर्जी हस्ताक्षर कर 42 लाख रुपए की धोखाधड़ी मामले में शिकायत दर्ज कराई गई थी। विवेचना के दौरान विधायक एवं उसके साथी पर अपराध दर्ज किया गया है। मामला की विवेचना जारी है।

**यदुमणी सिदार,**
एसडीओपी चांपा

**AGRASEN COLLEGE**
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

**B.ED. COURSE**
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113




## पीएम आवास के धीमी कार्य को लेकर भड़के कलेक्टर, सीईओ व रोजगार सहायकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अकलतरा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के धीमी कार्य को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए अकलतरा सीईओ एवं जनपद के रोजगार सहायकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि आवास से जुड़े कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शुक्रवार 3 अक्टूबर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि महात्मा गांधी नरेगा, पीएम आवास योजना से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनपद पंचायत अकलतरा के सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उन रोजगार सहायकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा, जिन्होंने योजना के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाई है। कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि आवास निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय सीमा में गुणवत्ताके साथ कार्य पूर्ण करने कहा।

BMC
विद्या ददाति विनयम्
**बी.एम. कॉलेज**
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम

**B.Ed.**
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116





# 31 अक्टूबर को रिलीज होगी मास जथारा

**मुंबई।** साउथ एक्टर रवि तेजा की आगामी फिल्म 'मास जथारा' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। रवि तेजा ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी फिल्म 'मास जथारा' से अपना एक शानदार पोस्टर शेयर किया और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया। रवि तेजा ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे पता है कि इंतजार लंबा हो गया है, लेकिन यह इसके लायक होगा। आइए, 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में 'मास जथारा' का जश्न मनाएं।' फिल्म में अभिनेता रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'मास जथारा' में रवि तेजा के साथ अभिनेत्री श्रीलीला मुख्य भूमिका में हैं।

## लाइफ Style

# प्रियंका



## एसईए इवेंट में सितारों ने बिखेरा जलवा

एजेंसी ⏭ मुंबई

बुधवार को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में हुए इवेंट में बॉलीवुड सितारों का मेला लग गया। प्रियंका चोपड़ा से लेकर तमन्ना भाटिया तक, कई सेलेब्स ने इवेंट में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। मायानगरी एक बार फिर बॉलीवुड और फैशन की चमक से जगमगा उठी जब ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस बुल्गारी के पहले भारतीय प्रदर्शनी कार्यक्रम में शिरकत करती नजर आईं।

यह आयोजन 'सर्पेंटी इन्फिनिटो एग्जीबिशन' के नाम से 1 अक्टूबर को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में हुआ। इस मौके पर प्रियंका के अलावा बी-टाउन के कई सेलेब्स दिखाई दिए। प्रियंका इस इवेंट में एक स्टनिंग व्हाइट गाउन पहनकर पहुंचीं। उनके गाउन का फॉर्म-फिटेड डिजाइन और ट्रेल पर शीयर डिटेलिंग ने उनके लुक को और निखार दिया। प्रियंका ने इस दौरान नीता अंबानी और ईशा अंबानी के साथ पोज दिए। इसके अलावा वो तृप्ति डिमरी के साथ भी तस्वीरें क्लिक कराती नजर आईं। इवेंट में प्रियंका चोपड़ा ने कई सितारों से मुलाकात की। उन्होंने तमन्ना भाटिया और त्रिप्ती डिमरी के साथ काफी गपशप की। तमन्ना ने भी इस दौरान मीडिया को पोज दिए और अपने स्टाइल स्टेटमेंट से सभी को प्रभावित किया। इस इवेंट में सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा और हुमा कुरैशी भी पहुंचीं। सारा ने ब्लू कलर का गाउन पहन रखा था। इसके अलावा हुमा कुरैशी भी इवेंट में काफी ग्लैमरस लुक में नजर आईं। वहीं इस इवेंट में एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने भी शिरकत की। इवेंट में चार चांद लगाने के लिए अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी नजर आईं। मृणाल ने ब्लैक कलर का गाउन पहन रखा था।

## हॉलीवुड मसाला





# ब्लडलाइन्स ओटीटी पर होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की सबसे चर्चित और रोमांचक फ्रैंचाइजी में से एक 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' ओटीटी पर दर्शकों को डराने और रोमांचित करने के लिए तैयार है। जियोहॉटस्टार ने घोषणा की है कि 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर से उनके प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगा। यह फिल्म न सिर्फ अंग्रेजी में, बल्कि तेलुगु, हिंदी और तमिल भाषाओं में भी उपलब्ध होगी। 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' का निर्देशन जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने किया है, जिन्होंने इस हॉरर थ्रिलर को नया आयाम दिया है।



# जैंडेया को गर्लफ्रेंड कहा तो टॉम हॉलैंड ने टोका

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म स्पाइडर मैन फेम एक्टर टॉम हॉलैंड और एक्ट्रेस जैंडेया काफी समय से डेट कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसी साल जनवरी में दोनों ने सगाई की है, जिसे अब तक पब्लिक नहीं किया है। इन्हीं बातों के बीच एक रिपोर्टर ने जैंडेया को टॉम की गर्लफ्रेंड कहकर पुकारा तो एक्टर ने उसे टोक दिया। साथ ही आगे जो जवाब एक्टर ने दिया, उससे रिपोर्टर भी हैरान हो गया। एक रिपोर्टर 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' के एक्टर टॉम का इंटरव्यू ले रहा था। एक इवेंट का जिक्र करते हुए उसने कहा, 'मैं अपनी बेटी को लेकर आया था और वो आपकी गर्लफ्रेंड जैंडेया से मिली। मैं उस दिन फादर ऑफ द ईयर बन गया।' रिपोर्टर की बात सुनकर टॉम ने कहा- 'मंगेतर।' टॉम की इस बात से पता चलता है कि वह और जैंडेया सगाई कर चुके हैं।



# घर में ही हैं मेरे सबसे बड़े ट्रोलर: आलिया


**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। दोनों एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का भी कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। हालांकि, आलिया ने खुलासा किया कि रणबीर उन्हें सबसे ज्यादा ट्रोल भी करते हैं। आलिया का कहना है कि रणबीर उन्हें सबसे ज्यादा चिढ़ाते हैं। साथ ही एक्ट्रेस ने रणबीर के साथ अपने रिश्ते और पति-पत्नी के बीच की बॉन्डिंग को लेकर भी बात की। आलिया भट्ट काजोल और ट्विंकल खन्ना के शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के नए एपिसोड में पहुंचीं। आलिया ने रणबीर के साथ अपने रिश्ते को फिल्मी रोमांस से कहीं बढ़कर बताया। उन्होंने कहा कि रणबीर और मेरी दोस्ती स्वाभाविक है। यह एक अच्छे दोस्त का रिश्ता था। बेशक मैंने उनसे शादी एक वजह से की।



# 20 साल से अटकी पड़ी फिल्म बैजू बावरा

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली, फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिनके साथ काम करना हर एक्टर की हसरत होती है। भंसाली अपनी फिल्मों की कहानी से लेकर कास्टिंग और हर सीन पर बारीक मेहनत के लिए जाने जाते हैं। बॉलीवुड को खामोशी, देवदास, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत जैसी फिल्म देने वाले भंसाली का एक ड्रीम प्रोजेक्ट बीते 20 साल से अटका पड़ा है। कभी इस फिल्म में वह सलमान खान और ऐश्वर्या को कास्ट करना चाहते थे। फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके बाद खबर आई कि रणवीर सिंह के साथ यह फिल्म दोबारा शुरू होने वाली है। लेकिन, अब एक और नई रिपोर्ट आई है। चर्चा है कि भंसाली ने 'लव एंड वॉर' की शूटिंग के बीच अपने नए फेवरेट रणबीर कपूर को यह फिल्म 'बैजू बावरा' ऑफर कर दी है।

## टीवी मसाला




# शहबाज पर अभिषेक ने कसा तंज कैप्टेंसी टास्क में हुई बहसबाजी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में नया कैप्टन बनने के लिए एक टास्क प्रतियोगी कर रहे हैं। इस टास्क में शहबाज, बसीर अली, प्रणीत मोरे और अभिषेक बजात एक-दूसरे से बहसबाजी करते दिखे। खासकर अभिषेक बजाज ने शहबाज को काफी भला-बुरा कहा। बिग बॉस 19 के नए प्रोमो में कैप्टेंसी टास्क में बिग बॉस कहते हैं, 'डायनासोर छोटे डायनासोर को खा जाता है जब तक ये सलामत है आपके कैप्टन बनने का चांस भी बना रहेगा। ऐसे में सभी प्रतियोगी छोटे डायनासोर को बचाने की कोशिश करते हैं। इस दौरान एक-दूसरे पर तंज भी कसते हुए दिखते हैं। अभिषेक बजाज ने प्रोमो में शहबाज को कहा, 'तू कैप्टन तो नहीं बन सकता, क्योंकि सबका पालतू है और तेरा एक मालिक भी है।' इस बात को सुनकर शहबाज का चेहरा उतर गया। आगे प्रोमो में नजर आता है कि बसीर अली और प्रणीत मोरे भी आपस में बहसबाजी कर रहे हैं। बसीर ने प्रणीत को कहा, 'यहां से वैसे भी निकाल देंगे तुझको।' इस पर प्रणीत ने कहा, 'जितना जोर लगाना है लगा। मैं भी इधर हूं, तू भी इधर है।' हर हफ्ते बिग बॉस 19 में कोई ना कोई प्रतियोगी शो से बाहर होता है। पिछले हफ्ते आवेज दरबार घर से बाहर हुए। इस हफ्ते घर से बाहर जाने के लिए नीलम गिरी, अशनूर कौर, तान्या मित्तल, अमाल मलिक, जीशान कादरी, कुनिका सदानंद, नेहल चुडासमा और प्रणीत मोरे नॉमिनेट हुए हैं।

## नायरा के साथ हुई हैरान कर देने वाली घटना

**नई दिल्ली।** हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें चर्चित टीवी एक्ट्रेस नायरा बनर्जी डांस करती दिख रही हैं। उन्हें दुर्गा पूजा में धुनुची नाच करते देखा गया, इसी दौरान उनके साथ हैरान कर देने वाली घटना हुई। हालांकि, पास में खड़े लोगों ने फौरने दौड़ उन्हें बचाने की कोशिश की। वीडियो में अभिनेत्री नायरा बनर्जी लाल साड़ी पहने दुर्गा पूजा के किसी कार्यक्रम में शामिल हुई हैं। वीडियो में उन्हें बंगाल के पारंपरिक डांस धुनुची को करते देखा जा रहा है, जिसमें वो एक मिट्टी के खास बर्तन को घुमाती हुई दिख रही हैं। एक्ट्रेस का हाथ अचानक फंस जाता है, जिस कारण वो असंतुलित हो जाती हैं। हालांकि, तुरंत पास खड़े फोटोग्राफर्स ने उन्हें संभाला और कोई भी दुर्घटना होने से पहले बचा लिया। मशहूर टीवी अभिनेत्री नायरा बनर्जी साउथ सिनेमा का भी बड़ा नाम हैं। उन्हें 'दिव्य दृष्टि' सीरीयल में देखा गया है। इसके अलावा अभिनेत्री 'वन नाइट स्टैंड' फिल्म में भी नजर आई हैं।



# हनुमान का किरदार निभा चुके हैं ये मशहूर सितारे

**नई दिल्ली।** हनुमान जी हिंदू धर्म में भगवान राम के सबसे बड़े भक्त और शक्तिशाली देवता हैं। उनकी कहानी रामायण में इतनी प्रेरणादायक है कि सिनेमा और टीवी पर कई सितारे उनके किरदार में नजर आ चुके हैं। वहीं, अब सनी देओल भी हनुमान के किरदार में नजर आएंगे।

**ऋषभ शेट्टी** : ऋषभ शेट्टी कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार हैं, जिन्होंने 'कांतारा' फिल्म से देशभर में नाम कमाया। अब वह 'कांतारा चैप्टर 2' में नजर आ रहे हैं। अब ऋषभ भगवान हनुमान के किरदार में नजर आने वाले हैं। ये फिल्म 'जय हनुमान' है, जिसका निर्देशन प्रशांत वर्मा कर रहे हैं। ये 'हनुमान' फिल्म का सीक्वल है। दिवाली 2024 से एक दिन पहले यानी 30 अक्टूबर को उनका फर्स्ट लुक रिलीज हुआ। इसमें वे गेरुआ वस्त्र पहने श्री राम की मूर्ति थामे दिखे। फैंस ने इसे देखकर कहा, 'परफेक्ट हनुमान'।

**देवदत्त नाग (या देवदत्त नागे)** : देवदत्त नाग मराठी सिनेमा के जाने-माने एक्टर हैं। 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'आदिपुरुष' में देवदत्त ने हनुमान का किरदार निभाया। फिल्म में प्रभास राम बने थे। हनुमान जयंती पर उनका लुक रिलीज हुआ, जिसमें वे ध्यानमग्न मुद्रा में दिखे। हालांकि, फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफलता नहीं मिली और कुछ विवाद भी हुए, लेकिन देवदत्त की एक्टिंग की तारीफ हुई। वे अपनी मस्कुलर बॉडी के लिए फेमस हैं।

**दारा सिंह** : दारा सिंह एक मशहूर पहलवान और एक्टर थे। वे 6 फुट 2 इंच लंबे और उनका वजन 127 किलो था। 1976 में फिल्म 'बजरंगबली' में उन्होंने हनुमान का रोल किया। फिर 1987 में रामानंद सागर के टीवी शो 'रामायण' में हनुमान बने, जो घर-घर में सुपरहिट हुआ। 60 साल की उम्र में भी उनकी बॉडी कमाल की थी। शूटिंग के दौरान मेकअप में 3-4 घंटे लगते थे, इसलिए वे 8-9 घंटे भूखे रहते।

**दानिश अख्तर सैफी** : दानिश अख्तर सैफी एक रेसलर से एक्टर बने। वे मुस्लिम हैं, लेकिन हनुमान के भक्त। 2015 के शो 'सिया के राम' में उन्होंने हनुमान का रोल किया। उनकी बॉडी 130 किलो की है और वे रोजाना 5 लीटर दूध पीते हैं। 'द ग्रेट खली' ने उन्हें ट्रेनिंग दी। वे 'परमावतार श्री कृष्ण' में भीम भी बने।

**निर्भय वाधवा** : निर्भय वाधवा ने 'महाभारत' में दुषासन से करियर शुरू किया। फिर 'संकट मोचन महाबली हनुमान' में हनुमान बने। 2024 के शो 'श्रीमद रामायण' में फिर हनुमान का रोल कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने कहा, 'हनुमान जी मुझे बार-बार चुनते हैं।' मुंबई में स्ट्रगल किया, जिम में हेल्पर बने।

**राज प्रेमी** : राज प्रेमी ने 1997 के शो 'जय हनुमान' में हनुमान का लीड रोल किया। संजय खान का प्रोडक्शन था। ये शो दूरदर्शन पर मंगलवार को आता था। राज पहले क्रिकेटर थे, फिर एक्टर बने। 'श्री कृष्ण' में शिशुपाल का किरदार भी निभाया। अब भोजपुरी फिल्मों में काम करते हैं।

# सिंदूर खेला के रंग में रंगी काजोल
## परिवार संग मां दुर्गा को दी विदाई

**मुंबई।** काजोल हर साल दुर्गा पूजा का आयोजन करती हैं। इस साल भी धूमधाम से दुर्गा पूजा काजोल और उनके परिवार ने मनाई। सोशल मीडिया पर उत्सव के आखिरी दिन की कुछ वीडियो वायरल हैं, जिसमें काजोल सिंदूर खेला खेलती नजर आईं। सोशल मीडिया पर काजोल द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव की कुछ वीडियो वायरल हैं। वह उत्सव के आखिरी दिन सिंदूर खेला कार्यक्रम में मौजूद दिखीं।

बॉलीवुड के कई सेलेब्स और काजोल के परिवार के सदस्य भी इस उत्सव में दिखे। इस मौके पर बेटी न्यासा और बहन तनीषा के साथ काजोल का अलग ही अंदाज नजर आया। सिंदूर खेला, बंगाल की दुर्गा पूजा में एक खास तरह की कार्यक्रम होता है। इसमें सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं। काजोल ने भी रितुपर्णा सेन को सिंदूर लगाया। काजोल के चेहरे और मांग पर भी सिंदूर लगा दिखा। इस उत्सव के बाद मां दुर्गा को विदा किया जाता है और उत्सव समाप्त होता है। सिंदूर खेला से पहले बहन तनीषा के साथ काजोल बातें कर रही हैं,



अपनी बहन को खूब लाड़ कर रही हैं। वह तनीषा का माथा चुमती हैं। इसके बाद दोनों साथ में सेल्फी क्लिक करती हैं। बेटी न्यासा के साथ भी काजोल ने सेल्फी क्लिक करवाने के लिए अलग तरह से पोज दिए। काजोल की बेटी न्यासा देवगन का ट्रेडिशनल लुक दुर्गा पूजा के मौके पर देखने को मिला।

## हीरोइन की शादी, आने वाले थे पंडित नेहरू पर हो गई 34 महीने की जेल

# बवाल के बीच नजीर बना था ये हिंदू-मुसलमान विवाह

*नई दिल्ली। इस एक्ट्रेस को भारतीय सिनेमा की बेमिसाल शख्सियत के रूप में याद किया जाता है। साल 1912 में यूपी के सहारनपुर में एक पारंपरिक मुस्लिम परिवार में पैदा हुई इस एक्ट्रेस ने बगावत करके फिल्मी दुनिया में कदम रखे थे। यह पढ़ाई में काफी तेज थी, पर परिवार के लोग कम उम्र में ही शादी का दबाव डालने लगे। इस कारण इसे प्रिंसिपल ने 10वीं क्लास में तीन बार फेल कर दिया था। और जब इसने शादी की तो उस पर खूब बवाल मच गया। दरअसल, यह एक्ट्रेस मुस्लिम थी और भारत-पाकिस्तान के बंटवारे से पहले एक हिंदू लड़के से ब्याह रचा लिया। माहौल बिगड़ गया तो इसे भागना पड़ा। इसकी शादी में पंडित जवाहरलाल नेहरू शामिल होने वाले थे, पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। और जब देश को आजादी मिली तो यह रातभर सड़कों पर नाचती फिरी थी। इस एक्ट्रेस का जन्म भारतीय सिनेमा की शुरुआत होने से भी पहले हुए हुआ था और जब मौत हुई तो यह 102 साल की थी। यह एक्ट्रेस जब एक साल की थी तो ग्लूकोमा की वजह से आंखों की रोशनी चली गई थी। सबको लगा कि अब यह कभी ठीक नहीं हो पाएगी। काफी इलाज कराया गया और तब रोशनी वापस आ सकी। उसी दौरान मां का निधन हो गया। ऐसे में पिता ने इस एक्ट्रेस और बाकी बच्चों को खुद ही पाला।*



### अमिताभ कहते थे 100 साल की बच्ची


ये थीं एक्ट्रेस जोहरा सहगल, जो उम्र के आखिरी पड़ाव तक एक्टिंग करती रहीं और बेहद जिंदादिल थीं। अमिताभ बच्चन भी जोहरा सहगल को '100 साल की बच्ची' कहकर बुलाते थे। जोहरा एक ऐसे मुस्लिम परिवार से थीं, जिसमें रोजे रखना और पांच वक्त की नमाज अदा करना जरूरी था, पर जोहरा ने शुरुआत से ही विद्रोही किस्म का बर्ताव दिखाया। उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाने का फैसला किया।

### कम उम्र में शादी करवाना चाहते थे पिता

जोहरा सहगल जब पढ़ रही थीं तो खूब सारे नाटकों और डांस प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती थीं। यहीं से उनका रुझान एक्टिंग और डांस की तरफ हो गया। लेकिन पिता को यह सब मंजूर नहीं था और वो उनकी शादी करवाना चाहते थे। हालांकि, माना के समझाने पर वह मान गए और उनके साथ यूरोप भेज दिया।

### 8 साल छोटे हिंदू लड़के से प्यार

जोहरा सहगल फिर उदय शंकर के साथ भारत लौट आईं और यहां पर उन्होंने उदय शंकर कल्चरल सेंटर में काम करना शुरू कर दिया। यहीं पर उनकी मुलाकात 8 साल छोटे कामेश्वर सहगल से हुई, जो वैज्ञानिक, पेंटर और एक डांसर थे। जोहरा ने जब पिता को बताया कि उन्हें कामेश्वर से प्यार हो गया है और शादी करना चाहती हैं तो खूब बवाल मचा था। इस बारे में जोहरा की परनातिन और एक्ट्रेस आयशा रजा मिश्रा ने कुछ साल पहले 'हॉटरफ्लाई' को बताया था।



### यूरोप जाकर सीखा बैले डांस, कई देशों में किया परफॉर्म

यूरोप में जोहरा सहगल बैले डांस स्कूल में एडमिशन लिया और बैले डांस में ट्रेनिंग हासिल की। उसी दौरान जोहरा सहगल की मुलाकात मशहूर डांसर और कोरियोग्राफर उदय शंकर से हुई। वह उनके डांस ट्रूप का हिस्सा बन गईं और कई देशों में परफॉर्म किया।

### बगावत कर शादी कर ली

खैर, जोहरा सहगल ने कामेश्वर सहगल से शादी कर ली और दोनों के परिवारों के बीच खूब बवाल मचा। हालांकि, उनकी शादी में जवाहरलाल नेहरू जरूर शामिल होने वाले थे। यह शादी 14 अगस्त 1942 में हुई थी, और उस वक्त 'भारत छोड़ो आंदोलन' चरम पर था। जवाहरलाल नेहरू ने जोहरा को शादी में फारसी कालीन उपहार में देने का वादा किया था, लेकिन 9 अगस्त 1942 को उन्हें अहमदनगर किले में गिरफ्तार कर लिया गया।। नेहरू की यह सबसे लंबी और आखिरी गिरफ्तारी थी। वह 34 महीने जेल में रहे थे। उन्हें फिर जनवरी 1945 में रिलीज किया गया था। वहीं, दंगों और डर के कारण, जोहरा की शादी में सिर्फ एक ही मेहमान शामिल हुआ।



### खबर संक्षेप

## वरिष्ठजनों को श्रीफल एवं शाल देकर किया गया सम्मान



**मालखरौदा।** जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 1 अक्टूबर को वरिष्ठ जन सम्मान समारोह मनाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कवि शरण वर्मा के द्वारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत से पहुंचे वशिष्ठ वृद्ध जनों को श्रीफल एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष रंजीत अजगल्ले ,रितेश साहू जनपद उपाध्यक्ष , मनहरण लाल कमलेश अधिवक्ता पूर्व विधायक प्रत्याशी चंद्रपुर,खीकबाई कमलेश सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास मालखरौदा, मालिकराम यादव सभापति, हरिश कुमार रातड़े, सभापति, सावित्री रंजीत अजगल्ले सरपंच मालखरौदा,लता मनहर,जनपद सदस्य,बिहारी रात्रे जनपद सदस्य प्रतिनिधि और काफी संख्या में वशिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे।

## तुस्मा में दशहरा उत्सव आज, होगा रावण दहन

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा इस वर्ष दशहरा उत्सव शनिवार 4 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योदगीर बाबा से पूजा-अर्चना के साथ की जाएगी। इसके बाद राम,लक्ष्मण और हनुमान की जीवंत झांकी बाजे-गाजे की धुन पर नर्सरी ग्राउंड पहुंचेगी और रावण वध का ऐतिहासिक दृश्य मंचित किया जाएगा। 30 फीट ऊंचे दशानन का दहन ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। लंबे समय के बाद गांव में भव्य स्तर पर रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत द्वारा उत्सव को सफल और यादगार बनाने व्यापक इंतजाम किए हैं। रात्रिकालीन आयोजन के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जगह-जगह आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। शाम 4 बजे से मोर सोनहा माटी लोक कला मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय लोककला और सांस्कृतिक धरोहर की झलक दिखाई देगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नेहा रामचरण साहू शामिल होंगी। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य दिनेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती सरिता धन्नू साहू और पूर्व सरपंच कमल प्रसाद पटेल मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान सरपंच सुष्मिता तरुण साहू करेंगी। उपसरपंच गोपीचंद साहू एवं समस्त पंचगण भी मंच पर उपस्थित रहेंगे। उत्सव स्थल पर मिकी माउस झूला,किड्स जंपिंग झूला, खिलौनों की दुकानें,गुपचुप और चाट के स्टॉल लगाए जाएंगे, ताकि हर वर्ग के लोग उत्सव का आनंद उठा सकें।

## सड़क दुर्घटना से बचाने सावधान संकेतक बोर्ड लगा रहे गौ रक्षक



**राहौद।** सावधान! गौ माता सड़क पर बैठे रहती है, कृपया सतर्क रहें और धीरे चले ऐसे संकेतक बोर्ड अब राहौद के मुख्य मार्ग पर देखने को मिलेगी। नगर के गौ सेवा समिति के सदस्यों ने सड़क मार्ग पर गायों व राहगीरों के बीच बढ़ती सड़क दुर्घटना से बचाने सावधान का संकेतक बोर्ड लगाने की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत गौ रक्षकों द्वारा सड़क के दोनों तरफ रेडियम बोर्ड लगाया जा रहा है। बता दें नगर में यह पहला अवसर है कि संकेतक बोर्ड लगाकर राहगीरों में जागरूकता लाने व यातायात के साधनों का धीमी गति से उपयोग करने का संदेश दे रहे हैं। गौरतलब है कि सड़क मार्ग पर बैठी गायों से टकराकर बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटना हो रही है जिससे जनहानि भी हो रही है। गौ रक्षकों ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने व लोगों को गाड़ी चलाते समय जागरूक करने यह अलग प्रकार प्रयोग किया है, इसका लाभ सीधे तौर पर राहगीरों को मिलने लगेगा। वहीं रेडियम से निर्मित बोर्ड जो रात के समय में भी वाहनों के प्रकाश से स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ेगी, जिससे रात में होने वाले सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। इस अभियान की शुरुआत से नगर के गौ रक्षकों की बड़ी प्रशंसा हो रही है।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति को सम्मानित करने लिखा पत्र

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने जिला मुख्यालय जांजगीर-नैला नगर में श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा स्टेशन रोड, अग्रसेन भवन के सामने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं ऐतिहासिक मां दुर्गा पूजा उत्सव के आयोजन के लिये राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति को सम्मानित करने हेतु पत्र लिखा है। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि यह आयोजन पूरे प्रदेश में अपने आप में अनुठा व ऐतिहासिक है। पंडाल की भव्यता व माता रानी की प्रतिमा जीवंत है। इस कार्यक्रम की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। प्रतिदिन हजारो की संख्या में प्रदेश व अन्य राज्यों से दर्शनार्थी माता के दरबार में दर्शन के लिये पहुंच रहे है। पूरी आयोजन समिति का परिश्रम अनुकरणीय व प्रशंसनीय है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री से श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति जांजगीर-नैला के अध्यक्ष, समाजसेवी राजेश पालीवाल को सम्मानित करने का आग्रह करते हुये पत्र लिखा है।

### शिवरीनारायण मठ में श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया गद्दी महोत्सव

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थल की परिक्रमा व शिवरीनारायण भगवान को नमन कर गद्दी पर आसीन हुए राजेश्री महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

धर्म एवं आध्यात्म की पावन नगरी शिवरीनारायण में आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी तदनुसार दशहरा के पावन अवसर पर गद्दी महोत्सव परंपरागत रूप से श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया।

गुरुवार 2 अक्टूबर को महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज शाम 5 बजे शिवरीनारायण मठ पहुंचे। यहां उनका आयोजन स्थल से ही बाजे- गाजे के साथ स्वागत करते हुए उन्हें मठ मंदिर तक ले जाया गया। दर्शन पूजन संपन्न होने के उपरांत शाम 6 बजे शोभा यात्रा जनकपुरी (जोगी डीपा) के लिए रवाना हुआ। शोभायात्रा पुरानी हटरी, मध्य नगरी चौक, हनुमान मंदिर, मेला ग्राउंड होते हुए जनकपुरी तक पहुंचा पूरे मार्ग में मठ मंदिर के कर्मचारियों ने जगह-जगह पर अपना शौर्य प्रदर्शन किया, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। शोभा यात्रा जनकपुरी पहुंचने के पश्चात परंपरागत रूप से शमी वृक्ष की पूजा वैदिक ऋति से मंत्रोचार के साथ किया गया। लोगों ने इसके परिक्रमा करके पूजन संपन्न होने के पश्चात एक दूसरे को शमी पत्र भेंट कर अभिवादन किया। श्री हनुमान का दर्शन पूजन जनकपुरी में सदियों से विराजित श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजा अर्चना परंपरागत रूप से किया गया। लोगों ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभा यात्रा के पुनः मठ पहुंचने के पश्चात होम हवन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ अंततः राजेश्री महन्त महाराज अपने सहयोगियों सहित गद्दी स्थल की साथ परिक्रमा पूर्ण करने के बाद भगवान शिवरीनारायण को नमन करके गद्दी पर विराजित हुए। लोगों ने दर्शन पूजन कर महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त करके पुण्य लाभ अर्जित किया। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित हुए राजेश्री महन्त- महोत्सव संपन्न होने के पश्चात राजेश्री महन्त महाराज अपने सहयोगियों सहित भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित हुए। उन्होंने पूजा अर्चना करके भगवान से संपूर्ण लोक के कल्याण की कामनाएं की। शिवरीनारायण व्यावसायिक नगर है। यहां के प्रतिष्ठित नागरिकों का देर रात्रि तक मठ पहुंचने का क्रम जारी था। वे महाराज से सौजन्य भेट मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त करते गए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, टुकराम वर्मा, सहित सहित मठ मंदिर के सभी अधिकारी कर्मचारी गण जुटे हुए थे। भव्य आकर्षक पंडाल निर्माण, विद्युत एवं साउंड व्यवस्था प्रशंसनीय था। पुलिस प्रशासन ने भी लोगों को नियंत्रित करने में काफी सहयोग किया। कार्यक्रम में दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए संत महात्माओं के अतिरिक्त वीरेंद्र तिवारी, हेमंत दुबे, निरंजन लाल अग्रवाल, पूर्णेन्द्र तिवारी, सुबोध शुक्ला, देवलाल सोनी, कमलेश सिंह, प्रमोद सिंह, रामचरण कार्ष, बृजभान सिंह, सीताराम शर्मा, उदय राम केवट, ओमप्रकाश सुल्तानिया, भुवन दास वैष्णव,गजेंद्र दास वैष्णव,पिन्टु भठ्ठ, नटवर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, राहुल थवाईत, प्रकाश बंशल,भगत राम शर्मा,गेंदूराम आदित्य, पुरेंद्र सोनी, भूपेंद्र पाण्डेय, खगेंद्र पांडे, राजू शर्मा, जे आर कश्यप, श्री कौशिक, रामकृष्ण साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।



गद्दी महोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास।



शोभा यात्रा के दौरान शौर्य प्रदर्शन करते मठ मंदिर के कर्मचारी।



# धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

नगर में दशहरा उत्सव इस बार भी धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वाधान में रावण का विशाल पुतला तैयार किया गया। सैकड़ों नागरिकों की मौजूदगी में आतिशबाज़ी और जयकारों के बीच रावण का दहन हुआ। रंग-बिरंगे पटाखों ने वातावरण को रोमांचित कर दिया।

- रावण दहन और स्टार नाइट ने बांधा समां, रावण का विशाल पुतला दहन बना आकर्षण

दशहरा उत्सव के उपरांत आयोजित स्टार नाइट में गायक और नृत्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। शानदार गीत-संगीत और नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। देर रात तक दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े शामिल हुए। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल पटेल, दिनेश शर्मा, आयुष शर्मा, जय किशन केडिया, आनंद अग्रवाल, संजय रामचंद्र सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। आयोजन समिति की सक्रिय भूमिकासंरक्षक मंडल से श्याम सुंदर अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, संजय रामचंद्र, कन्हैया गोयल, प्रकाश अग्रवाल ट्राली, महेंद्र जिंदल, मुकेश बंसल, रवि अग्रवाल अशोका की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संयोजन सुधीर शराफ ने किया। मंच की कार्यकारिणी से अध्यक्ष मनीष कथूरिया, सचिव अभिषेक अग्रवाल गोलू, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सहित अनुराग जिंदल, गजेंद्र डालमिया, सुमित शर्मा, आलोक अग्रवाल जिमी, राजीव अग्रवाल, पंकज बंसल, सहर्ष अग्रवाल, सौरभ कथूरिया, गोपाल मित्तल, पीयूष कथूरिया ने आयोजन में सक्रिय योगदान दिया। दशहरा पर्व पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से परिवार सहित लोग उपस्थित हुए। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर कार्यक्रम का आनंद लिया। आतिशबाज़ी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्सव को यादगार बना दिया। नगर के प्रमुख मार्गों पर भी दिनभर रौनक बनी रही।

# 45 फीट रावण के पुतले का दहन कर मनाई गई विजयादशमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर में विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। आजाद चौक स्थित रावण दहन स्थल अजंता परिसर में पारंपरिक पूजा अर्चना करने के पश्चात रावण दहन किया गया। पुरोहित हरिमोहन पांडे के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराई गई।

रावण दहन से पूर्व आयोजन समिति के द्वारा राम दरबार की झांकी निकालकर नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान झांकी के सामने डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए। इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा नगर गूंज उठा। रावण दहन के पूर्व आयोजन समिति के द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई। रावण दहन के पश्चात नगर क्षेत्रवासियों के द्वारा एक दूसरे को शमी पत्र भेंटकर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम स्थल पर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, रवि सिंह सिसोदिया, संतोष सिंह बैस, रविंद्र सिंह बैस, प्रतिपाल सिंह, अमित सिंह बैस, अभिनव सिंह,गगन सिंह ,सिद्धार्थ सिंह, ऐश्वर्य सिंह ,जयदीप सिंह एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



धू-धू कर जलता रावण का पुतला।

## कुरदा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 6 से

**चांपा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कुरदा ( चंपा) की पुण्य धरा में अखंड नवधा रामायण महोत्सव अमृत पान ज्ञान यज्ञ का आयोजन 6 अक्टूबर सोमवार से प्रारंभ होगा। यह महोत्सव का लगातार श्रद्धामय 26 वां वर्ष है। मानस गायन प्रतियोगिता 14 अक्टूबर मंगलवार को होगा एवं कथा विश्राम, हवन तथा सहस्त्र धारा 15 अक्टूबर बुधवार को होगा । मानस गायन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 11001 रुपए, द्वितीय को 7001 रुपए, तृतीय को 5001रूपये, चतुर्थ को 3001 रुपए, पंचम को 2501 रुपए ,षष्ठम को 2001, सप्तम को 1501 रुपए, अष्टम को 1101 रुपए तथा नवम एवं दशम को 1001 रुपए की राशि से सम्मानित किया जावेगा। साथ ही प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त नहीं करने वाले प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार की राशि प्रदान की जावेगी। सभी श्रद्धालु भक्तों एवं मानस मंडलियों से पुण्य लाभ प्राप्ति हेतु मानस यज्ञ में भाग लेने अपील की गई है।

# बरसते पानी में कांग्रेसियों ने बिजली ऑफिस का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बढे हुए विद्युत दर के विरोध में एवं हाफ बिजली बिल योजना पुनः चालू करने मांग को लेकर बरसते पानी में कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन करते हुए बिजली कार्यालय का घेराव किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम सहायक यंत्री को ज्ञापन सौंपा।

- बढ़े हुए बिजली दर को कम करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सहायक यंत्री को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश में भाजपा के साय सरकार ने अपने पौने दो साल के कार्यकाल में बिजली बिल में प्रति यूनिट 80 पैसे तक की बढ़ोतरी कर गरीब जनता, मध्यम वर्ग के जेब में डाका डालने का कार्य किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल हाफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी, किसानों को 5 एचपी तक निशुल्क बिजली दिया बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी गई, लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली उपभोक्ताओं में हाहाकार मचा हुआ है। हाफ बिजली बिल योजना पुनः प्रारंभ करने एवं बढ़े हुए बिजली दर को कम करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार,जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में जांजगीर भाठापारा से बिजली कार्यालय तक बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं नागरीकगण उपस्थित होकर सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए बिजली कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम पर सहायक यंत्री को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, गिरधारी यादव, रफीक सिद्दीकी, शिशिर द्विवेदी, लोकेश राठोर, देव कुमार पांडे, अजीत सिंह राणा, भगवान दास गढ़वाल,राजेश अग्रवाल, नागेंद्र गुप्ता, सुनील साधवानी, संतोष पप्पू शर्मा, चिंताराम राठौर, सुखराम गरेवाल, पार्षदगण विष्णु यादव, अरमान खान, अक्षय टेकाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित हुए।



बरसते पानी में बिजली ऑफिस का घेराव करने जाते विधायक के साथ कांग्रेसी।

# रास गरबा में झूम के थिरके क्षेत्रवासी

**अकलतरा।** नवरात्रि के अवसर आजाद ग्रुप के द्वारा नगर के आकाश टाकीज के पास मीना बाजार मैदान मे लाइव बैड के साथ भव्य रास गरबा मे इंडियन आइडल फेम शिवम मिश्रा सुप्रसिद्ध गायिका नेहा पांडेय बैंड बाजक कलाकार प्रिंस सिंह एवं टीम द्वारा प्रस्तुति दी गई साथ ही संचालन फेमस एंकर दामिनी पटेल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम मे विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, मंजू सिंह, गौरी सिंह चौहान, अनिता सिंह, रविन्द्र साहू, मून खान, डा रामायण सिंह के द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रास गरबा कार्यक्रम में क्षेत्रवासी दुर्गा माता के भक्ति संगीत में देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम मे अंकित सिंह सिसोदिया, राज कुमार सिंह, अनूप ताम्रकार, उज्जवल दीवान, विपुल जैन, अविनाश साहू, आकाक्षा सिंह, भावना सिंह, गारिमा सिंह, शिखा सिंह, आर्या सिंह, सीमा सिंह, किटी सिंह पृथ्वीराज सिंह, अपूर्वपाल सिंह, अमित यादव, सुधीर सिंह, शहाजादा खान, अभिषेक सिंह, जयदीप सिंह, स्पानिल सिंह, देवेंद्र तिवारी, अमन सोनवानी, अपित देवांगन, अभिजीत सोनवानी, स्वाराज सिंह, गगन सिंह, प्रणत सिंह, वेंदात सिंह, प्रदीप यादव, संस्कार गुप्ता, सौरभ वैष्णव, आदित्य सिंह, नमन जैन, विकात सिंह, दिनेश मौर्यो, यशराज सिंह एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

# बिजली की दरों में की गई वृद्धि अव्यावहारिक एवं जनविरोधी

**अकलतरा।** बिजली बिल हाफ योजना बंद किए जाने एवं बिजली की दरों में बढ़ोतरी किए जाने के विरोध में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा रैली निकालकर विद्युत कार्यालय का घेराव किया गया। विरोध रैली को संबोधित करते हुए राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना के तहत 400 यूनिट तक छूट की सीमा को समाप्त कर राज्य में घरेलु व्यावसायिक एवं कृषि उपयोगकर्ताओं के बिजली बिलों में अत्यधिक वृद्धि की गई है। जिससे प्रदेश की आम जनता, किसान , छोटे व्यापारी एवं माध्यमवर्गीय परिवार अत्यंत आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। यह बढ़ोत्तरी न केवल जनहित के खिलाफ है बल्कि इससे महंगाई व बेरोजारी की समस्या भी और अधिक गंभीर हो रही है। राज्य सरकार द्वारा बिजली के दरों में की गई वृद्धि अव्यावहारिक एवं जनविरोधी है। कांग्रेस पार्टी आम जनता को बिजली दरों में बढ़ोतरी से होने वाली आर्थिक परेशानियों में उनके साथ है एवं जनता के हक एवं अधिकार की लड़ाई के लिए हमेशा तत्पर है। कार्यक्रम को मंजू सिंह, इमरान खान, दिवाकर राणा, खुलन सोनवानी, भविष्य चंद्राकर,महेश्वर टंडन , अंकित सिंह सिसोदिया, अविनाश साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संतोष सिंह बैस, अविनाश लाटा, मनोज अग्रवाल,प्रतिपाल सिंह, पार्षद धनराज सिंह चौहान ,विजय खांडेल ,मनोज टंडन, छतराम साहू, घनश्याम लाटा, अब्दुल मोईद खान, हर्षवर्धन सिंह ,राजकुमार सिंह ,जयदीप सिंह, शहजाद खान, संतोष यादव, जयप्रकाश साहू ,मुकेश सिंहसर्वा, फूल सिंह, अलगू भैना, मनोज साहू ,महेंद्र सहगल ,सोनू निर्मलकर, नंद निर्मलकर, भारत लाल साहू, अलख श्रीवास ,सुरेश सिदार ,अयफाज मेमन, पीलवा पटेल अमित दिनकर ,अमन सोनवानी, संजय सागर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### विशेष ग्राम सभाओं में एग्रीस्टेक पंजीकृत किसानों की सूची का कराया जा रहा पठन


# 465 ग्रामों में 429134 खसरों का डिजीटल व 944133 का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला अंतर्गत सभी तहसीलों के ग्रामों में गिरदावरी और डिजीटल फसल सर्वेक्षण का कार्य कराया गया है। अब तक 465 ग्रामों के 429134 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 944133 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने 2 से 14 अक्टूबर तक होने वाले विशेष ग्राम सभाओं में ऐसे सभी किसान जिनका एग्रीस्टेक पंजीयन है और जिनके जमीनों के फार्म आई.डी. पंजीकृत हो चुके हैं, उनकी सूचना पंचायत भवन में चस्पा करने और इसका विशेष ग्राम सभाओं में पठन भी कराए जाने के निर्देश दिए है। विशेष ग्राम सभाओं में खरीफ वर्ष 2025-26 में ग्रामवार धान के रकबा एवं किसाानवार गिरदावरी व डिजीटल फसल सर्वेक्षण में पंजीकृत धान के रकबे का पठन व किसाानों की सूची पंचायत भवनों में चस्पा किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि यदि ग्राम सभा में कोई आपत्ति आती है, तो तत्संबंध में आपत्ति प्राप्त कर भौतिक सत्यापन पीवी एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत जानकारी को अद्यतन किए जाए। पीवी एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन के माध्यम से अद्यतीकरण हेतु अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील अड़भार अंतर्गत 50 ग्रामों के 43438 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 84283 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया है। इसी प्रकार तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत 35 ग्रामों के 28051 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 67877 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण, तहसील भोथिया अंतर्गत 36 ग्रामों के 24634 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 72373 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण, तहसील चन्द्रपुर अंतर्गत 40 ग्रामों के 39953 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 59761 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण, तहसील डभरा अंतर्गत 86 ग्रामों के 122213 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 206399 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण, तहसील हसौद अंतर्गत 41 ग्रामों के 41062 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 108966 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण, तहसील जैजैपुर अंतर्गत 25 ग्रामों के 24661 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 91457 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण, तहसील मालखरौदा अंतर्गत 61 ग्रामों के 66983 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 138641 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण, तहसील सक्ती अंतर्गत 90 ग्रामों के 38139 खसरों का डिजीटल फसल सर्वेक्षण और 114376 खसरों का गिरदावरी के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया है।



online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411